हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

11 बारिश के पानी को कैच दा रेन अभियान के तहत करें ...



12 'मैं बरसाने की छोरी, ना कर मोसे बरजोरी तू कारो और....






डॉ. रितु शर्मा
Consultant Obstetrics & Gynaecology.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
MBBS,MS (OBS & GYNAE)
5 + Years Of Experience

सुरक्षित भविष्य और स्वस्थ आधार, स्वस्थ नारी से सुखी परिवार!

सामान्य एवं जटिल प्रसव | सिजेरियन डिलीवरी | गर्भावस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का इलाज | महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का संपूर्ण समाधान | पीसीओडी/पीसीओएस एवं हार्मोनल समस्याओं का उपचार | बांझपन (Infertility) का परीक्षण एवं इलाज | मासिक धर्म संबंधी अनियमितताएँ एवं समस्याएँ | यूटेरस (गर्भाशय) एवं ओवरी (अंडाशय) की सर्जरी

यदि आप भी इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से परामर्श करें

आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त OPD व इलाज उपलब्ध!

एम्बुलेंस/आपातकालीन सहायता के लिए संपर्क करें:
70 09 09 0924
MK Hospital
5th Mile Stone, Bhiwani - Delhi Road, Bhiwani, Haryana
TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध



डॉ. विष्णु कांत शर्मा
Consultant Urologist
यूरोलॉजी विशेषज्ञ
MBBS, MS, MCh (Urology)
4+ Years Of Experience

स्वस्थ गुर्दे, बेहतर जीवन – आपकी सेहत, हमारी प्राथमिकता!

किडनी, ब्लैडर एवं प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियों का इलाज | मूत्र मार्ग में रुकावट एवं संक्रमण का उपचार | पथरी (Kidney Stone) का लेजर एवं सर्जिकल उपचार | पुरुषों में प्रजनन क्षमता से जुड़ी समस्याएँ | प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्या एवं सर्जरी | लिंग एवं अंडकोष से जुड़ी समस्याओं का समाधान | सेक्स संबंधी समस्या

यदि आप भी इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से परामर्श करें

आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त OPD व इलाज उपलब्ध!

एम्बुलेंस/आपातकालीन सहायता के लिए संपर्क करें:
70 09 09 0924
MK Hospital
5th Mile Stone, Bhiwani - Delhi Road, Bhiwani, Haryana
TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### आज तीन घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**तोशाम।** रविवार को तोशाम शहर सहित विभिन्न गांव की बिजली आपूर्ति मरम्मत कार्य के चलते करीबन 3 घंटे तक बाधित रहेगी। तोशाम सबस्टेशन के इंचार्ज वजीर सिंह एसएसए ने बताया कि रविवार को मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक तोशाम 33 केवी सब स्टेशन से चलने वाले तोशाम शहर सहित 11 केवी तोशाम फिडर, 11 केवी गुलशन नगर फिडर, 11 केवी भुरट्टाना फिडर, 11 केवी वाटर वर्क्स फिडर, 11 केवी नलवा फिडर की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### महिलाओं की खेल स्पर्धा 25 और 26 को होगी

**तोशाम।** गांव बागनवाला में 25 व 26 मार्च को इनामी बाबा मुंगीपा महिला खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं के आयोजक सयाणा भांजा, शोले बागनवाला ने संयुक्त रूप से बताया कि 25 मार्च को नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें प्रथम स्थान पाने वाली टीम को 31 हजार तथा द्वितीय स्थान को 21000 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11000 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं 26 मार्च को सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51 हजार तथा द्वितीय को 31000 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15000 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। 26 मार्च को सुबह 10 बजे महिलाओं तथा बुजुर्गों की दौड़ भी आयोजित करवाई जाएगी।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**तोशाम।** शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. के संयोजन में स्थानीय कीर्ति नगर स्थित मंगेज भवन में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 से 29 मार्च त किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप कुमार व कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि भागवत कथा में सदगृहस्थ संत स्वामी पूर्णेन्दु महाराज कथा का वाचन करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को सवा एक बजे से निकाली जाने वाली कलश यात्रा के बाद संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जो कि 29 मार्च को हवन एवं प्रसाद वितरण से संपन्न होगी।

### अवैध खनन पर प्रशासन की पैनी नजर : डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि अवैध खनन पर प्रशासन की पैनी नजर है। डीसी ने कहा कि खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर पहाडियों में निगरानी कर रही हैं। जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

### गांव सांगा के पास स्थित ईंट भट्टे पर दुर्घटना

# दीवार गिरने से दो मजदूर महिलाओं की मौत, चाय पीते समय हुआ हादसा





**भिवानी।** अस्पताल में पहुंचे मृतकों के परिजन व भट्ठा मालिक और मामले की जानकारी देती मृतकों के परिजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

शनिवार सुबह गांव सांगा में ईंट भट्टे के पास दीवार के नीचे दबने से दो महिला मजदूर दब गई। पास में कार्य कर रहे अन्य मजदूरों ने उनको दीवार के नीचे से निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले आए,लेकिन यहां पर पहुंचते ही चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव सांगा जाने वाले सड़क मार्ग गांव सांगा के पास स्थित एक ईंट भट्टे पर शनिवार सुबह लगभग 20 से 22 मजदूर काम कर रहे थे। करीब साढे आठ बजे के महिला मजदूर अन्य मजदूरों के साथ दीवार के पास बैठकर चाय पीने लगी। इसी दौरान अचानक भट्ठे पर बनाई गई दीवार ढह गई। जिसके नीचे दो महिलाएं दब गई। घटना के बाद चहुंओर चिख पुकार मच गई। अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे और महिलाओं को दीवार के नीचे से निकाला गया। उपचार के लिए एक वाहन से भिवानी सामान्य अस्पताल लाए,लेकिन यहां पर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिलाओं की पहचान सुनैना व सुभाता बिहार की रहने वाली थी। सुनैना पांच बच्चों की मां तथा सुभता दो बच्चों की मां थी। वे पिछले पांच साल से भट्टे पर कार्य कर रही थी। दूसरी तरफ भट्ठा एसोसिएशन प्रधान सुक्रमपाल सिंह ने बताया कि आज सुबह अचानक दिवार ढह गई,जिसके नीचे दबने से दो महिलाएं दब गई और बाद में उनकी मौत हो गई।

#### पांच साल से कर रही थी काम

मृतका सुनैना की सांस उर्मिला ने बताया कि सुबह सुनैना और सुभिता ईंट भट्टे पर कार्य कर रही थी। तभी अचानक से उनके ऊपर दीवार गिर पड़ी। उन्होंने कहा कि दोनों मृतका के पति बिहार में रहते हैं वहीं दोनों मृतका अपने बच्चों के साथ भिवानी में पिछले पांच वर्षों से कार्य कर रही थी। उन्होंने बताया कि मृतक महिलाएं भट्ठे पर कार्य कर रहे परिजनों की चाय देने के लिए गई थी और चाय देने के बाद दीवार के पास बैठ गई। उसी वक्त यह हादसा हो गया।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी :** सामान्य अस्पताल स्थित चौकी में तैनात पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में उनके पास रूका आया था कि दो महिलाओं की दिवार के नीचे दबने से मौत हो गई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वकील के खाते से ₹ 2.27 लाख निकालने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी।

दादरी पुलिस ने अधिवक्ता का मोबाइल चोरी कर यूपीआई के माध्यम से लाखों रुपये खाते में ट्रांसफर करने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी ने अधिवक्ता के खाते से 2.27 लाख रुपये निकलने थे। शहर के स्टेडियम रोड निवासी अधिवक्ता कुलदीप जोशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 22 फरवरी को उसका मोबाइल गुम हो गया था।

उसने दूसरी सिम निकलवा कर मोबाइल में डाली और यूपीआई से बैंक खाते का बेलेंस देखा तो उसके खाते से 2.27 लाख रुपये गायब मिले। यह रुपये यूपीआई से निकाले गए थे। पीड़ित ने बताया कि आइसीआईसीआई बैंक खाते से 1.13 लाख रुपये तथा आईडीबीआई बैंक के खाते से 1 लाख 13 हजार 700 रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाले। उसके साथ कुल 2.27 लाख रुपये का फ्रॉड हो गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। बीती रात साइबर क्राइम पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल शिवकुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हिसार के न्यू विनोद नगर राठी कॉलोनी निवासी रोहित के रूप में हुई है।

## परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग के 5 मामले दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने जारी प्रेस वक्तव्य में बताया कि शनिवार को बोर्ड परीक्षा में नकल 05 मामले दर्ज हुए। परीक्षा केन्द्र रावमाविधारूहेड़ा-01 से प्रमुख केन्द्र अधीक्षक, केन्द्र अधीक्षक एवं उप-केन्द्र अधीक्षक परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किए गए। उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार के उडनदस्ते द्वारा जिला-जीन्द के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल, ह.प्र.से. ने बताया कि उनके स्वयं के उडनदस्ते द्वारा जिला पानीपत के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा सुव्यवस्थित संचालित हो रही थी। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी रेवाडी द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमावि धारूहेड़ा-01 से प्रमुख केन्द्र अधीक्षक रामोतार यादव, पी.जी.टी. भौतिकी परीक्षा कक्ष में उपस्थित पाए जाने तथा केन्द्र अधीक्षक नीरज कुमार खातोदिया, पी.जी.टी. हिन्दी रा.क.व.मा.वि. बावल को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही करने एवं उप-केन्द्र अधीक्षक नीतू यादव, पी.जी.टी. गणित पी.एम.श्री.रा.व.मा.वि. अकेरा को परीक्षा कक्ष में अनुपस्थित पाए जाने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया।

# गोलागढ़ में 25 को आयोजित होगा रात्रि ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

■ उपायुक्त महावीर कौशिक ग्रामीणों से करेंगे संवाद

उपायुक्त महावीर कौशिक मंगलवार शाम 25 मार्च को जिला के गांव गोलागढ़ में ग्रामीणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में मंगलवार शाम 25 मार्च को सांय 4 बजे गांव गोलागढ़ के वीर शहीद महिपाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपायुक्त महावीर कौशिक और पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर परिवार पहचान पत्र सहित विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियां ठीक की जाएगी। वही सरकार की जनहित कार्य नीतियों की जानकारी भी जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड ,चिरायु कार्ड , हैप्पी कार्ड,कृषि विभाग की मेरी फसल मेरा बोरा पोर्टल, राशन कार्ड,मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि में त्रुटिओ को ठीक करने के लिए बिजली ,पानी, सिंचाई ,कृषि, पशुपालन, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस,खेल, कल्याण,समाज कल्याण आदि विभागों द्वारा अलग-अलग हेल्प डक्स लगाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित सेवाएं दी जाएगी और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# पैरा बैंडमिंटन में छाया विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

■ विक्रम पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए जीत चुके पदक : कोच महेश

नई दिल्ली में 20 से 22 मार्च तक खेलों इंडिया पैरा बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बजरंग बली कॉलोनी स्थित बर्डी बैडमिंटन एरेना के खिलाड़ी विक्रम ने भागीदारी कर शानदार प्रदर्शन किया तथा टॉप-8 में जगह बनाई।

कोच महेश शर्मा ने बताया क खिलाड़ी विक्रम का मुकाबला विश्व के नंबर-8 तथा देश के नंबर-1 पर रहे बैंडमिंटन खिलाड़ी रूचित रघुपति के साथ रहा, जिसमें विक्रम ने रघुपति को कड़ी टक्कर दी। एक समय दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17-17 रहा, लेकिन बाद में विक्रम के पैर मुड़ने की वजह से मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तथा टॉप-8 में जगह बना पाया। कोच महेश ने बताया कि विक्रम होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, जिन्होंने पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर चुके है। विक्रम की उपलब्धि से खेलनगरी भिवानी के लोगों में खुशी है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि विक्रम भविष्य में और भी मेहनत करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतेगा।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन हुए कई रोचक मुकाबले

# रोहतक ने कैथल को तथा झज्जर ने जींद को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा कलिंगा स्थित एक निजी स्कूल में राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप के तीन इवेंट्स का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसके तहत तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप, तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईवल नेटबॉल चैंपियनशिप तथा पहली सब जूनियर हरियाणा स्टेट मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली ये प्रतियोगिताएं शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। प्रतियोगिताओं में अपने विभिन्न टीमों के खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार **प्रदर्शन किया। वही दूसरे दिन के मैच बड़े ही रोमांचक रहे।**



**भिवानी।** तीन दिवसीय राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन एक रोचक मुकाबले में दमखम दिखाते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

**सफलता पाने की एकमात्र राह मेहनत एवं दृढ़ निश्चिय:** इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्कूल की संचालिका रेणुका शर्मा, चंडीगढ़ नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास शर्मा, नेटबॉल एसोसिएशन भिवानी के अध्यक्ष पवन कौशिक, हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान हरिओम कौशिक, भिवानी नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव सोनम पहुंचे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथिगण ने कहा कि खेल में खिलाड़ियों को चाहिए कि वे अपनी हार से हताश होने की बजाए कमियां ढूढ़े तथा भविष्य में उन कमियों को दूर कर और भी बेहतर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सफलता पाने की एकमात्र राह मेहनत एवं दृढ़ निश्चिय ही है।

### सोनीपत ने भिवानी को 29-15 से हराया

प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव दहिया ने बताया कि शनिवार को आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाइवल नेटबॉल चैंपियनशिप के लड़को के वर्ग में भिवानी ने कैथल को 34-13 से, सोनीपत ने पंचकूला को 32-17 से हराया। वही सेमीफाइनल मुकाबले में रोहतक ने जींद को 22-15 से, सोनीपत ने भिवानी को 29-15 से हराया। उन्होंने बताया कि इसी इवेंट के लड़कियों के वर्ग में भिवानी ने कैथल को 24-17 से, सोनीपत ने पंचकूला को 27-14 से हराया। उन्होंने बताया कि तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में भिवानी ने कैथल को 29-23 से, रोहतक ने पंचकूला 30-12 को हराया। वही सेमीफाइनल मुकाबले में रोहतक ने कैथल को हराया। इसी इवेंट की महिला वर्ग की प्रतियोगिता में झज्जर ने जींद को 17-15 से, सोनीपत ने हिसार को 25-14 से हराया। पहली मिक्स सब जूनियर नेटबॉल में सोनीपत ने पंचकूला को 28-15 से हराया।

# निवेश का 'गुरु मंत्र' जब लोग डर रहे हों तो आप लालची बन जाएं

● निवेश में सफलता के लिए हमेशा लक्ष्य तय कर पैसा लगाएं ● दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का मंत्र- बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है।

**निवेश मंत्रा**
**बिजनेस डेस्क**

दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का एक पॉपुलर कोट है कि बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के फेवर में काम करते हैं। उनका कहना है कि जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। तो क्या मौजूदा बाजार की गिरावट में भी दिग्गज निवेशक का ये मंत्र लंबी अवधि में सफलता का राज बन सकता है। अगर हम बाजार की हिस्ट्री में बड़ी गिरावट और उसके बाद रिकवरी के आंकड़े देखें तो यह बात समझ में आ सकती है।



### निवेश बनाए रखना जरूरी

जानकारों का कहना है कि फंड हाउस की एक स्टडी के अनुसार पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की।

इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न डबल डिजिट में था, जबकि एवरेज रिटर्न 21 फीसदी रहा।

अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं है। रिसर्च के अनुसार 18 अप्रैल 2005 से 18 अप्रैल 2006 के बीच बाजार में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही।

15 सितंबर 2008 से 15 सितंबर 2009 तक बाजार में 20 फीसदी तेजी आई। 8 मई 2012 से 8 मई 2013 के बीच बाजार में 21 फीसदी तेजी रही।

17 नवंबर 2016 से 17 नवंबर 2017 के बीच बाजार में 27 फीसदी तेजी रही। 23 मार्च 2018 से 23 मार्च 2019 के बीच 15 फीसदी तेजी रही, जबकि इन सभी साल के पहले तक बाजार में करेक्शन का दौर चला था। तो यह डाटा तो वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध कोट को सही साबित करता है।

● **बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन घबराएं नहीं**

● **यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो का मूल्यांकन करने का अहम समय**

### एसआईपी बनाए रखने का फायदा

घबराहट की स्थिति में कई बार निवेशक घबराकर जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। जैसे पहले से चल रहे एसआईपी को बंद कर देना या टारगेट पूरा हुए बिना निवेश को भुना लेना, लेकिन वास्तव में ये कदम फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। एसआईपी के पीछे मूल उद्देश्य रूपी कास्ट एवरेजिंग है। जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव से कैसे निपटें

हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो का फिर से मूल्यांकन करने का एक सुनहरा अवसर पेश करता है। इस डर का उपयोग प्रोडक्टिवली यह मूल्यांकन करने के लिए करें कि आपका वर्तमान एसेट एलोकेशन आपकी जोखिम लेने की क्षमता के अनुरूप है या नहीं। अक्सर, बुल मार्केट यानी तेजी वाले बाजारों में निवेशक दूसरों को फॉलो करते हुए या हाल ही में टॉप प्रदर्शन करने वाली कैटेगरी को देखकर निवेश करते है, लेकिन हर निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता, लिक्विडिटी की जरूरतें और टाइम लिमिट अलग-अलग होती है। बाजार में करेक्शन एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का पोर्टफोलियो उसके अपने लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही तरीके से तैयार किया है।

### एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी

- **लार्ज और मिडकैप फंड/ ल्टीकैप फंड/फ्लेक्सीकैप फंड** : उन निवेशकों के लिए जो लंबी अवधि में अपनी दौलत में इजाफा करना चाहते हैं और इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव को झेलने की क्षमता रखते हैं, ये फंड कैटेगरी अच्छे विकल्प होंगे। क्योंकि इनमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से पोर्टफोलियो मिक्स होता है, जो मार्केट के किसी खास सेगमेंट में तेज उतार-चढ़ाव के असर को कम करता है।
- **हाइब्रिड इक्विटी स्कीम/ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड** : ये योजनाएं निश्चित रूप से ऐसे निवेशकों के लिए सावधानी से विचार करने योग्य हैं, जिन्हें हाल ही में 10 फीसदी की गिरावट ने यह अहसास जगा दिया है कि इक्विटी निवेश में अप-डाउन हो सकता है, लेकिन जो अभी भी भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले लॉन्ग टर्म एसेट क्लास के रूप में अपने स्टेटस के लिए इक्विटी होल्डिंग चाहते हैं।
- **मल्टी-एलोकेशन फंड** : जो निवेशक इसमें विश्वास करते हैं कि इक्विटी की एक ही कैटेगरी में निवेश करना समझदारी नहीं है, उनके लिए एक दूसरे से लो को-रिलेशन वाले मल्टी एसेट क्लास का मिक्स एक पसंदीदा विकल्प हो सकता है।
- (**डिस्क्लेमर** : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना है। यह किसी भी तरह से निवेश की सलाह नहीं है। बाजार में जोखिम होता है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेश का कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने स्तर पर फाइनेंशियल एडवाइजस से परामर्श जरूर कर लें।)



# एसआईपी से दूर जा रहे निवेशक गिरते बाजार में संभलकर उठाएं कदम

**मोहभंग**
**बिजनेस डेस्क**

बाजार में म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। इसमें अभी भी गिरावट का दौर लगातार जारी है। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं रखें और बाजार की गिरावट से डरकर न भागें। पहले भी देखा गया है कि लंबी अवधि में एसआईपी ने अच्छा फायदा दिया है। इसलिए एसआईपी में निवेश बनाए रखें।

### कम समय में ज्यादा रिटर्न

बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है।

### फरवरी में कितनी आई गिरावट?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपये था। डेट म्यूचुअल फंड में 6,525 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड आउटफ्लो (निकासी) देखने को मिला, जबकि जनवरी में इसका टोटल इन्फ्लो (निवेश) 1.28 लाख करोड़ रुपये था।

### लोगों की संख्या में आई कमी

फरवरी में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें महीने लाल निशान में बंद हुए और यह साल 1996 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट रही। म्यूचुअल फंड में मिलने वाले रिटर्न पर मार्केट की गिरावट का असर पड़ता है। फरवरी में म्यूचुअल फंड एसआईपी के जरिए पैसा लगाने वालों की संख्या कम हुई है। फरवरी में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपये आए। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। जनवरी के मुकाबले इसमें 2% की गिरावट आई है।

### क्या कहते हैं जानकार?

जानकारों के मुताबिक मार्केट गिरे और निवेश की वैल्यू कम होने लगे तो घबराना नहीं चाहिए। काफी लोग इस गिरावट के कारण म्यूचुअल फंड से निकल जाते हैं और नुकसान कर बैठते हैं। अगर म्यूचुअल फंड की कीमत कम हो रही है तो ज्यादा यूनिट्स खरीदना शुरू कर दें। मार्केट जब बढ़ेगी तो आपका पैसा तेजी से बढ़ेगा। हालांकि पूरी रिसर्च करने और एक्सपर्ट से जानकारी लेने के बाद ही निवेश करें।

● **एसआईपी के जरिए निवेश करके बड़ा फंड हो सकता है तैयार**

● **लॉन्ग टर्म में इनमें अच्छा रिटर्न मिलने की पूरी उम्मीद होती है**

● **थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करके करोड़पति बन सकते हैं**

● **अभी शेयर मार्केट में गिरावट है। तो निवेशक एसआईपी से भी दूरी बना रहे**

● **लेकिन लंबे समय के लिए निवेश का यह एक बेहरीन विकल्प**

### लंबे समय के लिए टिकें

म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश की सलाह दी जाती है। यहां लॉन्ग टर्म से मतलब कम से कम 3 साल है। अगर मार्केट में गिरावट के कारण शुरुआती कुछ महीनों में ही नुकसान दिखाई दे रहा है तो इससे घबराएं नहीं। बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशकों को अपनी लंबी अवधि की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी एसआईपी जारी रखनी चाहिए। कोरोना के समय जब शेयर मार्केट में गिरावट आई थी तो काफी लोगों ने एसआईपी को बढ़ा दिया था। आज उनकी रकम काफी बढ़ चुकी है।

### क्या है एसआईपी

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एक ऐसा निवेश का जरिया है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति एक निर्धारित रकम, नियमित अंतराल में म्यूच्यूअल फंड्स के किसी स्कीम में – जैसे मासिक या त्रैमासिक, बजाय एक मुश्त रकम की अदायगी के, निवेश कर सकता है। यह किश्त 100 रुपये प्रति माह की मामूली रकम भी हो सकती है जो बहुत कुछ रेकरिंग डिपाजिट (आवर्ती जमा) से मिलती-जुलती है। ये इसलिए भी आसान है, क्योंकि आप अपने बैंक को ये स्थाई अनुदेश दे सकते हैं कि आपके खाते से ये रकम हर माह डेबिट (निकासी) होता रहे। एसआईपी भारतीय म्यूच्यूअल फंड्स निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है, इसलिए कि ये निवेशक को बाज़ारों के उथल-पुथल और समय गणना की चिंता से अलग रख एक अनुशाशित तरीके से निवेश में सहायता करता है। लम्बी अवधि के निवेश के लिए म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एसआईपी निवेश की दुनिया में क़दम रखने का यकीनन सबसे बढ़िया रास्ता हैं। निवेश से सर्वाधिक और श्रेष्ठ प्राप्ति के लिए, बेहद जरूरी है लम्बी अवधि के लिए निवेश हो, जिसका सीधा अर्थ यह कि आप जल्द से जल्द निवेश आरम्भ करें, ताकि आपके लक्ष्य लाभ अधिकतम हों।

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम भी दे रही अच्छा मुनाफा, कर सकते हैं निवेश

*टीडी स्कीम बैंकों की एफडी की तरह देती है आकर्षक ब्याज, इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे, पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई खोल सकता है खाता, निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज मिलता है*

**एफडी**
**बिजनेस डेस्क**

भारतीय डाक विभाग की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक विकल्प बनकर उभरी है। यह स्कीम बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही काम करती है, लेकिन इसमें ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं। पोस्ट ऑफिस की यह डिपॉजिट स्कीम लोगों को मालामाल कर रही है। इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें निवेश कर कोई भी आसानी से अपनी बचत को बढ़ा सकता है। टीडी स्कीम में निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिलता है, जो इसे बैंकों की एफडी से बेहतर बनाता है. इस स्कीम में निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन काम करता है।

### टीडी स्कीम की खास बातें

पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम में निवेशक 1 साल से लेकर 5 साल तक के लिए अपना पैसा जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में न्यूनतम 1,000 से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम जमा राशि की कोई सीमा नहीं है। टीडी खाते पर मिलने वाला ब्याज निवेश की अवधि पर निर्भर करता है।उदाहरण के लिए, 2 साल की टीडी पर 7.0 फीसदी का ब्याज मिलता है।

### लाख जमा पर कितना ब्याज

अगर आप पोस्ट ऑफिस की 2 साल की टीडी स्कीम में 2 लाख जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 2,29,776 मिलेंगे। इसमें 29,776 का ब्याज शामिल होगा। यह ब्याज गारंटीड और फिक्स है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है।

### कौन खोल सकता है खाता

पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। यह स्कीम छोटे और बड़े निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है।

### पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम के फायदे




- **सुरक्षित निवेश** : पोस्ट ऑफिस सरकारी संस्था है, इसलिए इसमें निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है।
- **आकर्षक ब्याज दरें**: बैंकों की तुलना में पोस्ट ऑफिस टीडी पर ब्याज दरें अधिक हैं।
- **लचीलापन**: 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि चुनने की सुविधा।
- **कम निवेश** : सिर्फ 1,000 से खाता खोल सकते हैं।

### ऐसे खोलें टीडी खाता

पोस्ट ऑफिस टीडी खाता खोलने के लिए आपको नजदीकी डाकघर जाना होगा। वहां आपको आवेदन फॉर्म भरना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

### डाकघर की ये भी बचत योजनाएं

- डाकघर बचत खाता
- 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा खाता (आर डी)
- डाकघर सावधि जमा खाता (टी डी)
- डाकघर मासिक आय योजना खाता (एम आई एस)

### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एस सी एस एस)

- 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाता (पीपीएफ)
- सुकन्या समृद्धि खाता
- राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एन एस सी)
- किसान विकास पत्र (के वी पी)
- महिला सम्मान बचत पत्र
- प्रधानमंत्री बाल केयर योजना, 2021
- ब्याज दर (नई)
- **डिस्क्लेमर** : (यह जानकारी सिर्फ़ सूचना के लिए है। इसे निवेश का सुझाव मानकर निवेश न करें। मार्केट में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। निवेशक के तौर पर पैसा लगाने से पहले हमेशा एक्सपर्ट से सलाह लें।)

# टैक्स बचाने का अब आखिरी मौका, 31 मार्च से पहले अपनाएं ये ट्रिक्स




**वित्त वर्ष 2024 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया**

**इस बार यह संख्या और बढ़ेगी, 12.75 लाख तक नहीं देना होता टैक्स**

**सुझाव**
**बिजनेस डेस्क**

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नया वित्त वर्ष 2025-26 शुरू होने में सिर्फ 10 दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को चुन रहे हैं, उनके पास टैक्स बचाने के लिए अब आखिरी मौका है। हालांकि वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया, और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी कई करदाता पुरानी टैक्स व्यवस्था के जरिए टैक्स छूट के फायदे लेना पसंद करते हैं। अगर आप भी पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट पाना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए आखिरी मौका हो सकता है। सही निवेश से आप अपने टैक्स का बोझ कम कर सकते हैं।

### सेक्शन 80सी: टैक्स बचाने के लिए बेस्ट निवेश विकल्प

अगर आप इनकम टैक्स बचाना चाहते हैं, तो सेक्शन 80सी के तहत कई निवेश योजनाओं में पैसा लगाकर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती का फायदा उठा सकते हैं। इस सेक्शन के तहत सुकन्या समृद्धि योजना, इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और 5 साल की टैक्स-सेवर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी कई योजनाएं आती हैं। हर योजना की अपनी अलग लॉक-इन अवधि और रिटर्न दर होती है। अगर आप कम से कम लॉक-इन पीरियड में निवेश करना चाहते हैं, तो ईएलएसएस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसका लॉक-इन केवल 3 साल है, लेकिन इसका रिटर्न बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वहीं, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश पर आपको सेवानिवृत्ति (60 वर्ष) तक इंतजार करना होता है। ईपीएफ भी सेवानिवृत्ति तक का निवेश है, लेकिन आंशिक निकासी की सुविधा इसमें दी जाती है। अगर आप गैर-बाजार जोखिम वाले निवेश चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसएसए में सालाना 8.2% और एससीएसएस में 8.2% ब्याज मिलता है। वहीं, पीपीएफ में 7.1%, एनएससी में 7.7%, और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट में 7.5% का सालाना ब्याज मिलता है। टैक्स-सेवर बैंक एफडी का रिटर्न 6.5% से 7.5% तक होता है। यदि आप लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर रहे हैं, तो पीपीएफ, इपीएफ और एनपीएस बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। वहीं, जो लोग शॉर्ट-टर्म टैक्स सेविंग और अच्छा रिटर्न चाहते हैं, वे ईएलएसएस और 5 साल की टैक्स-सेवर एफडी का चुनाव कर सकते हैं। 31 मार्च से पहले सही निवेश करके आप न सिर्फ टैक्स बचा सकते हैं, बल्कि अपनी वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत कर सकते हैं।

### नया टैक्स बचाने से पहले मौजूदा निवेशों की करें जांच

अगर आप टैक्स बचाने के लिए नया निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले यह देखें कि इसकी जरूरत है या नहीं। कई निवेश योजनाओं में लॉक-इन पीरियड होता है, यानी एक बार पैसा लगाने के बाद आप उसे तय समय से पहले नहीं निकाल सकते। सबसे पहले यह जांचें कि आपने इस साल कितना निवेश किया है। हो सकता है कि आप पहले ही धारा 80सी की सीमा पूरी कर चुके हों। ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि), जिसे आपकी सैलरी से हर महीने काटा जाता है, भी टैक्स बचत में शामिल होता है। इसी तरह, अगर आपके पास होम लोन है, तो उसका मूलधन (प्रिंसिपल) भी धारा 80सी के तहत टैक्स छूट दिला सकता है। इसलिए, नया निवेश करने से पहले अपने मौजूदा निवेशों को जरूर जांचें। हो सकता है कि ईपीएफ और होम लोन के रीपेमेंट से ही आपकी टैक्स बचत की जरूरत पूरी हो रही हो और आपको अलग से निवेश करने की जरूरत न हो।

अगर 2024 में जॉब बदली है तो फॉर्म 12 भरना जरूरी अगर आपने 2024 में नौकरी बदली है, तो फॉर्म 12बी भरना जरूरी है। यह फॉर्म आपके नए एम्प्लॉयर को आपकी पिछली सैलरी और टैक्स कटौती की जानकारी देने में मदद करता है, जिससे आपकी सैलरी से सही टैक्स कटे। अपने टैक्स रिकॉर्ड सही रखने के लिए 31 मार्च तक फॉर्म 12बी समिट करें। इससे आपका नया एम्प्लॉयर टैक्स कैलकुलेशन में गलती नहीं करेगा और सही टीडीएस कटेगा।




### सीनियर सिटीजन्स के मेडिकल खर्च पर टैक्स डिडक्शन

भारत में आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चुकाए गए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इससे उनकी टैक्स योग्य आय कम होती है और उन्हें कम टैक्स देना पड़ता है। लेकिन अगर आपने सीनियर सिटीजन्स (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं भरा है, तब भी आप उनके मेडिकल खर्च पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इस धारा के तहत, 60 साल या उससे अधिक उम्र के माता-पिता या वरिष्ठ नागरिकों के इलाज पर किए गए खर्च के लिए 50,000 रुपये तक का टैक्स डिडक्शन लिया जा सकता है। यह सुविधा उन करदाताओं के लिए फायदेमंद है, जिनके माता-पिता या अन्य वरिष्ठ परिजन बीमा कवर के बिना इलाज करवा रहे हैं। इसलिए, अगर आपके परिवार में कोई सीनियर सिटिजन बिना स्वास्थ्य बीमा के है, तो उनके मेडिकल खर्च का बिल संभालकर रखें और टैक्स बचत का लाभ उठाएं।

### कैलकुलेशन से समझें

टैक्स बचाने के लिए ईएलएसएस फायदेमंद, लेकिन निवेश पर जोखिम भी अगर आप ईएलएसएस में निवेश करते हैं, तो इससे टैक्स बचाया जा सकता है। हालांकि, इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपका पैसा 3 साल तक लॉक रहेगा। इसके अलावा, ईएलएसएस एक जोखिम भरा निवेश भी है क्योंकि यह शेयर बाजार से जुड़ा होता है। शेयर बाजार की स्थिति अक्सर बदलती रहती है, जिससे इस स्कीम में रिटर्न का कोई निश्चित भरोसा नहीं होता। इसलिए, निवेश करने से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहने की क्षमता को जरूर समझें।

## खबर संक्षेप

### लड़कियों के लिए वित्तिय सुरक्षा जरूरी: डॉ. अलका

**भिवानी।** शिक्षा का सही उद्देश्य छात्राओं को केवल डिग्री प्रदान करना नही, बल्कि उन्हें रोजगार के योग्य बनाना भी हैं। आज के समय लड़कियों के लिए वित्तिय सुरक्षा अत्यंत अवश्यक हैं, हम आत्मनिर्भर बनकर अपने निर्णय स्वयं ले सकेगी, ये उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में रोजगार के लिए आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहें।

### जल संरक्षण में सबकी भागेदारी जरूरी: सुनील

**चरखी दादरी।** जल शक्ति अभियान राष्ट्रीय अभियान है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना है। यह अभियान जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन करना है ताकि जल की कमी को रोका जा सके, ये बात भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने पंचकुला के देवीलाल स्टेडियम में जल ही जीवन व जल बचाओ अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को रवाना करते हुए कही।

### विद्यार्थी को बनाना होगा सर्वश्रेष्ठ नागरिक: फौगाट

**चरखी दादरी।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और आनंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीबीएसई द्वारा हैप्पी क्लासरूम विषय पर दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में किया गया। प्रशिक्षण सत्र के प्रमुख प्रशिक्षक डॉ. अनुराधा छाबड़ा और रचना यादव रहीं, जिन्होंने शिक्षकों को कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और प्रभावी शिक्षण विधियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि शिक्षक बच्चों को सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाने का प्रयास करें।

### नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने किया पौधरोपण

**भिवानी।** गांव बीरन में शहीदी दिवस पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सैनी, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति, पर्यावरण रक्षक मुकेश सैनी आदि ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पौधरोपण किया। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम में कई छायादार और फलदार पौधें लगाए। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण के संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और हमें अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति को संरक्षित रखना चाहिए।

### पंचकूला के लिए रवाना हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

**तोशाम।** शनिवार को तोशाम मंडल से सैकड़ों कार्यकर्ता जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पंचकूला में आयोजित कैच द रेन कार्यक्रम में हिस्सा लेने तोशाम से पंचकूला के लिए रवाना हुए। इस दौरान भाजपा के तोशाम मंडल अध्यक्ष विक्की महता, विजय तंवर, शैंकी पोपली मंहामंत्री, नानक चंद, राजबीर सिंहमार, सूरजभान, सुखबीर, ऋषिपाल आदि मौजू रहे।

---

गांव निनान में पुलिस पब्लिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# गैंग और गैंगस्टर की वीडियो लाइक व शेयर किया तो होगी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ने किया निनान का दौरा, सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

एसपी नीतीश अग्रवाल ने ग्रामीण भ्रमण के दौरान पुलिस पब्लिक संवाद कार्यक्रम के तहत गांव निनान का दौरा किया। गांव में पहुंचने पर मौजिज लोगों ने भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक भिवानी नीतीश अग्रवाल ने ग्राम वासियों का अभिनंदन कर गांव के सरपंच से गांव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गांव के लोगों से मुलाकात कर, गांव के नागरिकों की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा व उसके तवरित समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी जो भी समस्याएं है उन्हे बताए। पुलिस से संबंधित शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निदान किया जायेगा और यह पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। अपराध पर रोकथाम, महिला सुरक्षा, नशे के प्रसार को रोकना पुलिस की प्राथमिकता रहेगी।

## नशे के प्रति समाज को ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए: पुलिस अधीक्षक

### नशे के खिलाफ रहें सजग

एसपी ने कहा कि हमें नशे के खिलाफ सजग रहना है। नशे के प्रसार को रोकने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। पुलिस नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर प्रभावी कार्रवाई करतें हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थों की बरामदगी भी कर रही है। ये एक ऐसा क्षेत्र है जिसमे अभिभावकों का अहम रोल है। बच्चे नासमझ होते है। उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताए। नशे के प्रति समाज को ढिलाई नही बरतनी है अगर आपको ऐसे लोगो के बारे में कोई भी जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करे।

### अपराधिक गतिविधि के बारे पुलिस को दे सूचना

उन्होंने कहा कि गांवों में पुलिस गश्त के फेरो की संख्या और बढ़ाई जाएगी। ग्रामवासी गांव में चल रही किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधि, नशीले पदार्थों का व्यापार व सेवन करने वालो, कानून एवम व्यवस्था बिगाड़ने वाले, अवैध हथियार रखने वाले के बारे में जानकारी पुलिस को दें। शरारती तत्वों के बारे में भी पुलिस को सूचित करें।



भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते एसपी। फोटो: हरिभूमि

### ऑनलाइन फ्रॉड व साइबर अपराधियों से रहें सतर्क

बताया कि पुलिस विभाग के द्वारा ऑनलाइन अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट की प्रक्रिया अमल में नहीं लाई जाती। साइबर अपराधी ऐसे शब्दों का प्रयोग करके नागरिकों से उनकी मेहनत की लाखों रुपए की कमाई को ठगते हैं। लालच में ना आए वह ऑनलाइन किसी अनजान व्यक्ति के फोन करने पर अपनी वित्तीय व निजी जानकारी साझा न करें।

### सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार हो रही निगरानी

एसपी ने बताया कि आजकल युवा सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम, फेसबुक व व्हाट्सएप पर अपराधिक गैंग या गैंगस्टर से संबंधित वीडियो व रिल को लाइक और शेयर करते हैं और इसके साथ ही कई युवा उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करते हैं ऐसी प्रक्रिया युवाओं के द्वारा अमल में नहीं लानी जानी चाहिए यह उनके भविष्य के लिए घातक साबित हो सकती है जिला पुलिस के द्वारा भी ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है इसलिए युवा ऐसे अपराधी गैंग व गैंगस्टर के वीडियो को लाइक शेयर ना करें और ना ही हथियार के साथ फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करें अन्यथा कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

---

## जल संरक्षण को लेकर होगी युवाओ की संसद सभा: भारद्वाज

# बारिश के पानी को कैच दा रेन अभियान के तहत करें संग्रहित

विद्यार्थियों और शिक्षकों को जल संरक्षण के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

28 वर्ष से जल एवं पर्यावरण संरक्षण कों समर्पित सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसको लेकर विवेकानंद हाई स्कूल के वीर भगत सिंह सभागार में देशभक्तों कों नमन कर संकल्प लिया गया और विद्यार्थियों व शिक्षकों को टिप्स दिए गए कि जल के संरक्षण के लिए कैसे आगे आना चाहिए। क्योंकि एक छोटी सी शुरुआत बड़े कदम की ओर ले जाती है, इसलिए हमें बूंद बूंद को सहेज कर रखना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद हाई स्कूल की संचालिका सावित्री यादव ने की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में झज्जर से जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र यादव पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे। इस अवसर पर संकल्प में विवेकानंद स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। विश्व जल संरक्षण दिवस पर विवेकानंद हाई स्कूल की निदेशक सावित्री यादव एवं जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने कहा कि पानी को हमें कदम कदम पर सहेज कर रखना चाहिए, बूंद बूंद की कीमत समझनी चाहिए, क्योंकि पानी को हमें व्यर्थ करेंगे तो पानी की अधिक किल्लत होगी। इसलिए गर्मी के मौसम को देखते हुए हमें पानी की बूंद बूंद को सहेज कर रखना चाहिए।

उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति अध्यक्ष अशोक भारद्वाज के इस कदम को सराहनीय ठहराते हुए कहा कि हर वर्ष इस प्रकार की मुहीम व जन जागरूकता उनके द्वारा वर्षों से चलाई जाती है, यह वास्तव में प्रेरणादायक है।



भिवानी। पानी बचत का संदेश देते हुए।

### लोगों को जल का महत्व बताया

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि उपरोक्त अभियान का उद्देश्य राजस्थान से सटे हरियाणा व राजस्थान के जिलों में पानी की किल्लत और पानी के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इसके साथ ही यह अभियान यह भी बताएगा कि पानी का संग्रह किस प्रकार किया जाता है और जल स्रोतों में पानी का भंडारण कैसे किया जा सकता है। पानी की बर्बादी को रोकने के उपाय और बारिश के पानी को कैच दा रेन अभियान के तहत कैसे संग्रहित किया जा सकता है, इस पर स्वयं सेवी युवा टीम विशेष ध्यान देगी। राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने समय-समय पर बावड़ी, तालाब, टाका, कूप संरक्षण सहित अन्य जल स्त्रोतों को संरक्षण देने व उनमें जल संचय के लिए अभियान चलाए हैं, गांव हों या कस्बा या फिर शहर हो उनमें जल संचय के लिए, जल के सदुपयोग के लिए, चेतना रैली, जनसंदेश सेमीनार, नुक्कड़ नाटक,नुक्कड़ सभा, युवा संसद कार्यक्रम, जल संरक्षण पंचायत, जन संदेश रथ यात्रा, खेत का पानी खेत में अभियान आयोजित कर,पौधारोपण कर लोगों को जल का महत्व बताया, कि हमें पानी का महत्व किस प्रकार से समझना चाहिए।

---

# भारत तीसरी प्रमुख आर्थिक शक्ति बनेगा

- विकसित भारत युद्ध पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम में 72 युवाओं में से 10 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी




भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक घनश्याम सर्राफ व अन्य। फोटो: हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं खेल एवं युवा मामले मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा की देख रेख में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी द्वारा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ भावना शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉक्टर सुरेश मलिक एवं नोडल अधिकारी नेहरू युवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर रोहित यादव थे। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि दशकों यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है तथा 2027 तक भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा और 2047 तक विकसित भारत बनेगा। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा 10 युवाओं का चयन किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और इस यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ दीपक कुमारी ने किया। निर्णायक मंडल में पूर्व रजिस्ट्रार डॉ जितेन्द्र भारद्वाज, प्रो रणबीर गुलिया,डॉ श्याम वशिष्ठ, डॉ सौरभ भीष्म जज की भूमिका अदा की।

# देश का नाम रोशन कर रही हैं बेटियां

- सीबीएलयू में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी



बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी हैं और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रही हैं। बेटियों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए, ये विचार चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी ने विवि में खेल विभाग द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने शिरकत की। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले, सुप्रसिद्ध खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के प्रसंगों के माध्यम से देशभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाभारत एवं रामायण के काल के भीष्म अर्जुन प्रसंग और जटायु के प्रसंग का उदाहरण देते हुए नारी सम्मान पर विस्तृत विचार रखे। विशिष्ट अतिथि भीम अवॉर्डी डॉ. गुरमेल सिंह ने महिला खिलाड़ियों को अपने अनुभव सांझा करते हुए खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। यूनिवर्सिटी की स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. मितेश भारद्वाज ने बताया कि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में देशभर के 16 विश्वविद्यालयों से लगभग 350 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ. वजीर सिंह, कार्यकारी जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव, डॉ. अश्वनी, डॉ. सोनल, डॉ. गीता आदि मौजूद रहे।

---

# होनहार छात्रों को किया सम्मानित

- अग्रसेन शिक्षा समिति ने पांचवी कक्षा तक के प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुस्तके निशुल्क देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम




तोशाम। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

शनिवार को अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जिस पर विद्यालय के विद्यार्थी अपने अभिभावकों सहित सेल्फी लेते नजर आए। इस मौके पर उपस्थित अग्रसेन शिक्षा समिति के प्रधान राजकुमार आलमपुरिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधान राजकुमार आलमपुरिया का कहना था कि विद्यालय दिन प्रतिदिन प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति कर रहा है वहीं विद्यालय के अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मुकाम हासिल कर रहे हैं। शनिवार को समिति द्वारा घोषणा की गई की कक्षा प्रथम से पांचवी तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा की पुस्तक समिति द्वारा निशुल्क दी जाएंगी। इस अवसर पर समिति के उपप्रधान भीष्मदेव गुप्ता, सचिव प्रवीण गर्ग, सहसचिव नरेंद्र जैन, मनोज अग्रवाल, खजांची लाल मित्तल, विजय बंसल, विद्यालय प्राचार्य सुबे सिंह यादव, प्राइमरी विभाग की मुख्य अध्यापिका सरिता शर्मा, उपप्राचार्य भूप सिंह, मुरारी लाल शर्मा, अनुराग गुप्ता, रामचंद्र शर्मा, कंवरसेन शास्त्री आदि समस्त स्टाफ सदस्यों सहित अनेक विद्यार्थी तथा अभिभावक गण मौजूद थे।

# दयनीय दशा सुधरने की बनीं आस

- कॉलोनीवासी बोले सड़के, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, पार्कों आदि की दशा दयनीय, अब विकास की बनी उम्मीद

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में अगर विकास की बात की जाए तो वर्षों हो गए शहर के लोगों को विकास का चेहरा देखे हुए। क्योंकि पिछली योजनाओं से छोटी सरकार में आपसी खींचातान देखने को मिली। हालांकि तत्कालीन पार्षदों व चेयरमैन ने विकास के भरसक प्रयास किए लेकिन कुछ सफल हुए तो कुछ कार्य परवान नहीं चढ़ सके। इस बार नगर पालिका चेयरमैन व पार्षदों की टीम बनी है उससे शहरवासियों को काफी उम्मीदें जगी हैं।

### करेंगे निदान



भाजपा नेता एवं पूर्व नपा चेयरपर्सन व मौजूदा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि शहर की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाया है। शहर के विकास मामले में चाहे हुडा की सड़के, सीवरेज, सफाई, पार्क आदि की व्यवस्था हो या पार्क, स्टेडियम, पानी-बिजली की समस्या हो वे सभी समस्याओं का कुर्सी संभालते ही योजनाएं बनाकर निदान करने का कार्य करेंगे। वे विधायक से मिलकर मुख्यमंत्री तक समस्याओं को पहुंचाकर शहर को विकास के मामले में चकाचक करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके पास पुराना अनुभव है और शहर के लोगों से भी राय लेकर विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

### विकास करवाएंगे



पार्षद बसंती देवी ने बताया कि हालांकि वार्ड विकास के मामले में पीछे है लेकिन वार्ड की जनता ने उन पर विश्वास जताया है और वे रणनीति बनाकर विकास करवाएंगे।

### कोई सुविधा नहीं



कॉलोनीवासी ललित जैन की मानें तो उनकी कॉलोनी में कोई सुविधा नहीं है। चोरियों की वारदाते होने का भय बना रहता है। चोरी पार्कों की ग्रील से लेकर ईंटें तक उखाड़कर ले गए।

### विकास का प्रयास



कॉलोनीवासी मनीष शंकर ने बताया कि शहर की जनता ने जिन पार्षदों को चुना सभी अच्छे थे और चेयरमैन की कुर्सी पर बैठने पश्चात उनके भी विकास को लेकर भरसक प्रयास रहे।

### नहीं भूलेंगे वादे



पार्षद सुमित्रा देवी ने बताया कि कुछ लोग बनने से पहले जो वादे करते हैं, बनने के बाद भूल जाते हैं लेकिन उन्हें वार्डवासियों ने बहुमत से जिताया है और वे वार्ड की गलियों, नालियां, सफाई व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था आदि पर बल देंगी।

---

# विद्रोह के डर से 11 घंटे पहले दी फांसी

- दिव्यांग बच्चों ने देश के वीर सपूतों को याद कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी




भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में शहीदों को नमन करती प्राचार्या सुमन शर्मा व दिव्यांग बच्चें। फोटो: हरिभूमि

आस्था स्पेशल स्कूल में देश के वीर सपूतों के बलिदानी वीर सपूत शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरू को नमन कर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि के साथ उनके जयघोष के नारे लगाए। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने दिव्यांग बच्चों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से भी इस दिवस के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि 23 मार्च को शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि है। उन्होंने बताया कि इस दिन शाम को लाहौर जेल में सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। हालांकि भगत सिंह और उनके साथियों को 24 मार्च को फांसी दी जानी थी, लेकिन उन्हें निर्धारित समय से 11 घंटे पहले फांसी दी गई।

अंग्रेजों को ये डर था कि जनता विद्रोह कर सकती है, इसलिए उन्होंने 23 मार्च को ही भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया। वहीं तीनों शहीदों का अंतिम संस्कार पहले जेल में होना था, लेकिन बाद में अंग्रेजों को लगा कि जेल से उठने वाला धुआं देखकर जनता उत्तेजित न हो, इसलिए रातों रात जेल के पिछवाड़े की दीवार को तोड़कर ट्रक के जरिए तीनों के पार्थिव शरीर को बाहर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया। डॉक्टर तरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि आज तीनों सेनानियों के बलिदान के 92 साल पूरे हो चुके हैं।

## रक्तदान महादान, इससे बड़ा कोई दान नहीं: डॉ. मान

# शिविर में 30 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

शहीद दिवस पर ग्रामीण पुस्तकालय तिवाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत ब्रह्माकुमारीज झोझूकलां, किसान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यतिथि उपजिला सिविल सर्जन डॉ. आशीष मान, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, सरपंच अनिल, किसान क्लब अध्यक्ष अशोक, ग्रामीण पुस्तकालय प्रबंधक राजवीर व नित्यानंद, संयोजक मास्टर सुनील, संजू झोझू, सरजीत, निरंजन व सतपाल आदि ने महान क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारी नीलम ने रक्तदाताओं को ईश्वरीय साहित्य भेंट करते हुए कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपना समाज को श्रेष्ठ बनाने में अपना सहयोग दें। ग्रामीण विकास मंडल सचिव एवं कैंप संयोजक मास्टर सुनील व सुरेंद्र आर्य ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहीं है। 33वीं बार रक्तदान कर राज्य शिक्षक अवॉर्डी हरपाल आर्य ने कहा कि युवाओं को देशभक्ति से ओतप्रोत करने के लिए रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। सरपंच अनिल ने सबका आभार जताया।



चरखी दादरी। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### दूसरे को जीवन दान देना महान पुण्य का कार्य

उपजिला सिविल सर्जन डॉ. आशीष मान ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई दान नहीं है किसी दूसरे को जीवन दान देना महान पुण्य का कार्य है। बतौर विशिष्ट अतिथि ब्रह्माकुमारी वसुधा ने भारत मां के वीर सपूतों अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान अनजान को जीवनदान है शुद्ध व श्रेष्ठ संकल्प से दिया गया रक्त जिस भी जरूरतमंद को मिलेगा वह उसको कई गुणा फायदा पहुंचाएगा। रक्त फैक्ट्री में नहीं बनता इसका केवल दान ही किया जा सकता है। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि हमारे अमर शहीदों को रक्तदान कर श्रद्धांजलि देना वास्तव में देश भक्ति का जुनून हम सभी में व्याप्त है।

**खबर संक्षेप**

## जल और पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

**भिवानी।** पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है, जिसकारण बच्चों का जीवन एवं भविष्य खतरे में है, ऐसे में जरूरी है कि बढ़ते जल संकट पर ब्रेक लगाने के लिए जल की बर्बादी रोके, ताकि आने वाली पीढ़ियों को महासंकट से न जूझना पड़े। नागरिकों को जल का महत्व बताने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने महंत चरणदास महाराज के मार्गदर्शन में शनिवार को विश्व जल दिवस पर कोंट रोड आश्रम में जागरूकता किया गया। विजय सिंहमार ने कहा कि लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर रमेश सैनी व सुरेश नेहरा ने कहा कि देश में प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध है।

## हेतराम स्कूल में मेगा सर्विस कैंप 26 को

**चरखी दादरी।** 26 मार्च को एक मेगा सर्विस कैंप का आयोजन होगा। जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से 26 मार्च को परसराम हेतराम स्कूल में आम नागरिकों को जन सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत मौके पर ही आवेदन करवाए जाएंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल जांच, दंत चिकित्सक, मनोचिकित्सक साथ ही ऑस्कर हॉस्पिटल विशेषज्ञ डॉक्टर भी अपनी सेवाएं देंगे।

## जल दिवस पर जल संरक्षण का संकल्प

**भिवानी।** जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को विश्व जल दिवस पर त्रिवेणी बाबा ने लोहारू के लोकनिर्माण विभाग में त्रिवेणी रोपित कर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताया। इस अवसर पर कर्मचारी व युवाओं ने त्रिवेणी का रोपण किया तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने वर्षा जल संचयन, टपका सिंचाई और पानी के सदुपयोग के विभिन्न तरीकों की उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, हमें जल की एक-एक बूंद को सहेजना चाहिए।

# स्कूल आने पर नए विद्यार्थियों का तिलक से करें स्वागत पुरानों बच्चों का दाखिला करवाएंगे पिछले क्लास टीचर्स

### पड़ोसी स्कूल में दाखिले के लिए भी क्लास टीचर्स को जाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में दाखिलों को लेकर गंभीर हो गया है। शिक्षा विभाग ने दूसरे स्कूलों से आने वाले नए बच्चों का स्कूलों में भव्य स्वागत करने का फैसला लिया है। नए दाखिले के तहत आने वाले बच्चों को स्कूल में पहुंचने पर तिलक लगाकर तथा उसको फूलों की माला पहनाकर सम्मानित करें। पांचवीं क्लास से छठी क्लास में पास होकर पहुंचने वाले शत प्रतिशत बच्चों का दाखिला सुनिश्चित किया जाए। अगर पांचवी क्लास पास होने के बाद बच्चों को पड़ोसी स्कूल में दाखिला लेना पड़े तो उसके लिए पिछली क्लास वाला टीचर ही पड़ोसी स्कूल में पहुंचकर बच्चों का दाखिला करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान नए स्कूल में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाए और प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित करके उसके वीडियो,फोटो भी शिक्षक स्कूल अपने फेस बुक आईडी पर अपलोड करें। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम पहली अप्रैल को मनाया जाना निहायत जरूरी है। इसी दिन बच्चों को किताबें आदि भी उपलब्ध करवाई जाए। ताकि दाखिला होते ही अगले सत्र की पढाई का कार्य आरंभ हो सके। उल्लेखनीय है कि प्रवेश उत्सव व नामांकन उत्सव के दौरान अभिभावकों को स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दे। निजी स्कूलों की भांति स्कूलों में दाखिला बनैर भी लगाया जाना जरूरी है। ताकि वहां पर आने वाले अभिभावकों को दाखिले से संबंधित सारी जानकारी मिल सके।

### स्कूल व वार्ड स्तर पर होगी ड्राप आऊट विद्यार्थियों की पहचान

शिक्षा विभाग ने ड्रापआऊट विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ फिर से जोड़ने को लेकर पूरी तरह से कमर कस ली है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने गांव व वार्ड स्तर पर ड्रॉप आऊट बच्चों की पहचान करके स्कूलों के साथ जोड़ा जाए। आऊट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए चलाए जा रहे कदम केंद्रों के संचालकों से मिलकर विभागीय नियमानुसार योग्य बच्चों को नजदीकी स्कूलों में दाखिला करवाया जाए। कलस्टर स्तर पर टीम बनाकर गांव, वार्ड व घर घर जाकर मिलान करें। प्रत्येक विद्यालय अपने नेबरहुड क्षेत्र को जीरो ड्रापआऊट घोषित करेगा। स्कूल मुखिया की अध्यक्षता वाली टीम को सौंपा जाए। ऐसे विद्यार्थियों को ढूंढा जाए जो न तो किसी सरकारी या प्राइवेट स्कूल में दाखिल है और न ही राज्य छोड़कर किसी दूसरे राज्य में चले गए है और वे शिक्षण संस्था में दाखिल नहीं है। उन बच्चों को ड्राप आऊट की श्रेणी में रखा जाएग और उनका नामांकन के लिए समुचित कार्यवाही भी की जाए। सभी अध्यापक तथा स्कूल मुखिया इसके लिए जिम्मेदार रहेंगे। इस कार्य के लिए आंगनबाड़ी वर्कर, गांव के नम्बरदार, शहरी क्षेत्र में नगरपरिषद पार्षद को शामिल किया जाए। प्रत्येक वार्ड या गांव के विभिन्न हिस्सों में बांटकर ड्रापॅ आऊट बच्चों को स्कूलों में दाखिल करवाए।

### नौंवी क्लास में होती है ज्यादा ड्राप ऑऊट की संभावना

शिक्षा विभाग ने भेजे निर्देशों में बताया कि ज्यादातर नौंवी कक्षा में बच्चों के ड्राप आऊट होने की संभावना होती है। क्योंकि जो बच्चा आठवीं पास करके नौंवी कक्षा में पहुंचते है तो उस वक्त ज्यादा बच्चों के पढाई छोड़ने का भय होता है। सबसे ज्यादा लड़किया ज्यादा प्रभावित होती है। भेजे निर्देशों में कहा गया है कि वे बालिकाओं की पहचान करें और उनके माता व पिता से मिले। उनसे पढाई बीच में छुड़वाने के बारे में जानकारी ले और उनको दोबारा फिर से बच्चों को पढाने के प्रति प्रेरित करें। जागरूकता लाकर ही ड्राप आऊट को जीरो किया जा सकता है।

## जिले में ही लगे कर्मियों की मार्किंग ड्यूटीः प्रधान

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.)पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं समापन की ओर है। बोर्ड अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की ओर कार्य कर रहा है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.)पवन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बोर्ड ने उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बोर्ड 2 अप्रैल से अपनी मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर देगा। इसके लिए लगातार उन्हें कई अध्यापक यूनियन के प्रतिवेदन मिल रहे हैं कि गृह जिले में अध्यापकों से मार्किंग का कार्य करवाया जाए। बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है।

### बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों व संस्कृति से करवाएं रूबरू: विधायक सर्राफ

# 'मैं बरसाने की छोरी, ना कर मोसे बरजोरी तू कारो और मैं गोरी अपनों मेल.. पर झूमे

### लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप व पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथि व लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

शनिवार को लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हनुमान जोहड़ी मन्दिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विधायक घनश्याम दास सर्राफ, रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा, दिल्ली से राजकुमार कसेरा व गंगानगर से डॉ. रमेश ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और सुशील बुवानीवाला, हेमंत सकसेरिया, रमेश सिंगल, पीआर बंसल, सुमित खेमका, पवन अग्रवाल, बजरंग बहलवाले, सुन्दरलाल गोटेवाले, मनोज शर्मा, ईश्वर धामु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लड्डुवे गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन से किया। विधायक ने कहा कि शिक्षा का एक विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। अध्यापक व अभिभावक बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों एवं अपनी संस्कृति से रूबरू करवाएं, ताकि वह भविष्य में अच्छा नागरिक बन सकें। समारोह में चतुर्थ कक्षा के कृष, लक्ष, नव्या, काव्या, हिमान्या, वंशिका, माही, ऋद्धि, खुशी, मानसी, खुशी, हितेन ने 'मोरया रे', मानवी, काव्यांजली, रश्मि, इशिका, नायरा, कनक, रूपिका, अवनि, दिव्यांशी ने 'कालो कूद पड़ो मेले में', चारू, आयुष, प्रियांश, कुंज, नव्या, श्रुति, भव्या, प्रियांशी, मान्या, गरिमा ने 'मैं बरसाने की छोरी', पांचवी कक्षा के यमन, परिधि, नवल, देवांश, आदित्य, दिशांत, हर्षिता, समर्थ ने 'गणपति गांव चले', अभिराज, सोमेन, देवांश, युवान, सुदीप, गिरिशा, प्रथा, मानसी, भूमि,



**भिवानी।** लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

वान्या, अनन्या, रिद्धी, तमन्ना ने 'मटकी फुट जावेगी', नक्ष, पियुश, यष, धैर्य, युवांश, भव्या, भूमि, स्नेहा, आशिता, महिमा, आदित्य शर्मा, फाल्गुनी, गुन्जन ने 'शुभ दिन आयो' आदि गीतो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। पांचवी कक्षा के आयुष, आहना, पल्लवी, देवांश, परिधी, आरूषी, मन्नत, मितेश, आशिमा द्वारा प्रस्तुत 'देशभक्ति गीत' ने पुरे सदन को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

### तीनों स्कूलों के 2200 बच्चों को दी स्कॉलरशिप

समारोह में तीनों स्कूलों के लगभग 2200 बच्चों ने स्कॉलरशिप ग्रहण की व उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन कर लगभग 2400 विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंच संचालन नन्हें मुन्हे बच्चों के साथ ऐश्वर्या सिंघल व मेघा जैन ने किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न व शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। महासचिव डॉ. संजय गोयल व प्रबंध निदेशक डॉ. पवन गोयल ने बताया कि लिटिल हार्टस ग्रुप बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रख पूर्णतया वातानुकुलित वातावरण, इंगलिश स्पीकिंग कक्षाएं, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी, ओलंपियाड परीक्षाएं, कैरियर काऊंसलिंग जैसी सुविधाएं पूरे सत्र के दौरान उनके स्लेबस के साथ-साथ उन्हें प्रदान की जाती हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गिगिदेवी, स्कूल के उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, रिटायर्ड ईटीओ सीएल बंसल, शकुन्तला देवी, महासचिव संजय गोयल, सीमा गोयल, प्रबंध निदेशक पवन गोयल, भावना गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल व रवि गोयल, निदेशिका एश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल, साक्षी गोयल, मेघा जैन, सचित जैन, प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य मनमोहन चावला, प्राचार्या वीना सेठ, को-ओर्डिनेटर सोनिया खेमका, श्याम सुदर, दिनेश मिश्रा व अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

## बच्चों ने शबरी की झांकी निकाल दिखाई कला

- श्रीराम पाठशाला के बच्चों के लिए हर समय तैयार : धर्मेश शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रीराम पाठशाला के बच्चे हमारे अपने हैं और उनके लिए 24 घंटे तैयार मिलूंगा । यह बात सुप्रसिद्ध उद्योगपति धर्मेश साह ने श्री राम पाठशाला में नवनिर्मित नरेश शाह खंड का लोकार्पण करने के बाद कही। उन्होंने आज पाठशाला में दो ब्लाकों का लोकार्पण किया और बच्चों को संबोधित किया। बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों की शबरी की झांकी को खूब सराहा गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हरियाणवी समूह नृत्य, पंजाबी भांगड़ा एवं राजस्थानी लोक नृत्य तथा योग पर भी धमाल किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि श्री राम पाठशाला से उनका नाता दशकों पुराना है। यह संस्था निस्वार्थ भाव से गरीब बच्चों को शिक्षा का ज्ञान बांट रही है। उन्होंने ऐलान किया कि इस पाठशाला में किसी भी सुविधा का अभाव नहीं रहने दिया जाएगा। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि सुशील गुप्ता दिल्ली, राजकुमार कसेरा, वीणा मुंडका तथा उषा गोयल ने भी अपने अपने अपने पूर्वजों की स्मृतियों में कक्षों का शुभारंभ किया। श्री राम पाठशाला चौरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि उनकी उनकी टीम इस स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ। कार्यक्रम का संयोजन रमेश बंसल ने किया। इस अवसर पर अजय श्रॉफ, प्रमोद मिण्डुका, बैजनाथ जैन, संगीता अरोड़ा ,सुनील सर्राफ, विजय बंसल, पवन बुवानीवाला, सौरभ जैन, दीवान चंद रहेजा, नरेश बंसल ,बृजेश आचार्य, नयन कुमार, मनोहर लाल, सत्यनारायण मित्तल, विकास जैन, डॉक्टर करण पूनिया, विजय सोलंकी,बाबा जगमाल सिंह, राजेंद्र कौशिक, वैद्य सुरेश कौशिक ,नीलम जैन, संजय गोयल, रामदेव तायल, हरिराम खिचुका,नथूराम केडिया, विजय किशन धरेडू वाला, कृष्ण टोला मौजूद रहे।

## महाराजा नीमपाल सिंह गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी एनसीसी ने विश्व जल दिवस मनाया

**भिवानी।** एनसीसी आर्मी विंग ने महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय भिवानी में कमांडिंग ऑफ़िसर कर्नल राजेश दहिया ग्यारह हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के निर्देशन में विश्व जल दिवस मनाया। कॉलेज परिसर में एनसीसी के कैडेटों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट को जल संरक्षण और उसके संसाधनों के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न पॉस्टर बनाये और समाज की जागरूकता के लिए आस पास के क्षेत्र में रैली का आयोजन भी किया गया गए। एएनओ, एनसीसी कैप्टन अशोक कुमार के निर्देशन में पोस्टर मेकिंग, सेमिनार जैसी कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कर्नल राजेश दहिया, कमांडिंग ऑफिसर 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रणधीर सिंह एनसीसी कैडेट को ऐसे सफल आयोजन के लिये बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## शीघ्र व सस्ता न्याय स्थाई लोक अदालत से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में न्यायिक परिसरों के अंदर स्थाई लोक अदालतों का गठन किया गया है। इन अदालतों का उद्देश्य आम जनता को त्वरित, सुलभ और निश्शुल्क न्याय प्रदान करना है, विशेषकर उन मामलों में जो जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित हैं। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि इन अदालतों में परिवहन, टेलीफोन, डाक सेवाएं, आवास एवं संपदा, जन स्वच्छता, अस्पताल, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, बीमा, विद्युत, जल आपूर्ति, शिक्षा जैसी सेवाओं से जुड़े विवादों का निपटारा किया जाता है।

## गांवों में जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

- भूमिगत जल के रिचार्जेशन को कैच दी रेन के तहत अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

सरकार द्वारा भूमिगत जल के रिचार्जेशन के लिए चलाए जा रहे जलशक्ति अभियान के तहत इन दिनों लोहारू उपमंडल के गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसके तहत हरियाणा सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान तहत केच द रेन 2025 अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के खंड समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बीडीपीओ धर्मपाल, एसईपीओ दीपक शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को आयोजित लाइव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया है और जल शक्ति अभियान के तहत कैच दी रेन कार्यक्रम 2025 की चलाया है। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को अपने घरों का पानी अनावश्यक रूप से बाहर बहाने की बजाय घर में सोखता गड्ढा बनाकर उस पानी का भूमिगत जल के रिचार्जेशन के लिए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया है। यहीं नहीं वर्षा के जल से भी भूमिगत जल का रिचार्जेशन किया जा सकता है। ग्राम सचिव सविता व दीपक कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव सिंह, आजाद सिंह ने भी ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।



**लोहारू।** गांव बनाया गया सोखता गड्ढा दिखाते हुए दमकोरा गांव के सरपंच प्रतिनिधि आजाद सिंह व अन्य।

### कल्याण बोर्ड से रजिस्ट्रेशन एवं सुविधाएं देने की मांग

# पुराने श्रम कानून को बहाल करें सरकार

- भवन निर्माण मजदूरों का राज्य स्तरीय सम्मेलन शुरू, 29 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भवन निर्माण कामगार यूनियन सम्बन्धित सीटू का 10वां दो दिवसीय राज्य सम्मेलन मिनी बाइपास स्थित भवन में शुरू हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता सुखबीर सिंह, देशराज, कश्मीरसिंह, राजू बरवाला, ओमप्रकाश अनेजा व नत्थूराम ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन यूनियन के राज्य महासचिव राममेहर सिंह ने किया। प्रदेश प्रधान सुखबीर सिंह ने सम्मेलन का झण्डा फहराने के साथ शहीद वेदी पर पुष्पाजंलि कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मजदूरों के संगठन सीटू की राज्य अध्यक्ष सुरेखा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से राज्य सरकार ने मजदूरों का न्यूनतम वेतन नहीं बढ़ाया है।

केन्द्र सरकार ने मजदूरों के 29 पुराने कानून खत्म करके चार कोड संहिता थोप दी है, उन्हें 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम करना पड़ता है। बढ़ती मंहगाई को देखते हुए कम से कम 26000 रुपये प्रति माह मजदूरी दी जाए, जिससे उनके परिवार का गुजर बसर हो सके। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि मनरेगा पर प्रयाप्त बजट खर्च होना चाहिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 14 आवश्यक चीजें सस्ती मिले, श्रम कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार समाप्त हो, केन्द्र सरकार की जन विरोधी कारपोरेट परस्त नीतियों व साम्प्रदायिक जातिवादी व मजदूरों विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे देश में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 20 मई को देशव्यापी सम्पूर्ण हड़ताल होगी।



**भिवानी।** मिनी बाइपास स्थित भवन में भवन निर्माण कामगार यूनियन के सम्मेलन में उपस्थित। *फोटो : हरिभूमि*

### ..मजदूर किसानों पर हमला

अखिल भारतीय निर्माण मजदूर संघ के राष्टीय उपाध्यक्ष व सीटू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एमसाई बाबू ने कहा कि वर्तमान दौर में कारपोरेट शासन की आर्थिक नीतियों का हमला मजदूरों किसानों पर हो रहा है, जिसकारण असमानता, गरीबी व भूखमरी बढ़ रही है। भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, कपूरसिंह, राज्य सचिव कामरेड अनिल, किसान सभा से रामफल देशवाल, मास्टर जगरोशन, मास्टर शेरसिंह, हेमसा के राज्य प्रधान सन्दीप सांगवान, आशा वर्कर यूनियन नेता सुशीला, मिड डे मील यूनियन नेता सुरेश रिवासा, रिटायर्ड कर्मचारी राज्य महासचिव रतन कुमार जिंदल, जनवादी महिला समिति प्रधान सन्तोष देशवाल ने सम्मेलन की सफलता की शुभकामनाएं दी।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।
Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863